### चुनाव प्रचार थमा अंतिम दिन रैलियों की रही धूम

# लोकसभा चुनाव: प्रत्याशियों ने ताकत झौंकी, अब मतदाता की बारी

जबलपुर।

लोकसभा चुनाव के लिये अब मतदान की घड़ी नजदीक आ गई। जबलपुर संसदीय क्षेत्र में शुक्रवार 19 अप्रैल को वोट डाले जायेंगे। चुनाव प्रचार के अंतिम दिन बुधवार को उम्मीदवारों ने अपनी पूरी ताकत झोंक दी। बुधवार का दिन सियासी रैलियों के नाम रहा। इस बार चुनाव महौल में गर्माहट नजर नहीं आई। इस बार स्टार प्रचारकों के दौरे कम हुये। भाजपा की ओर से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का रोड शो हुआ तो वहीं राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा और मुख्यमंत्री मोहन यादव ने प्रबुद्धजन सम्मेलन और कार्यकर्ता सम्मेलन किया। जबकि कांग्रेस की ओर से सिर्फ प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी की सभा और रोड शो आयोजित हुआ।



### कम रही स्टार प्रचारकों की धूम

भाजपा की ओर से स्टार प्रचारको में से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के रोड शो के अलावा और कोई स्टार प्रचारक नहीं आया। मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव जरुर जबलपुर के चक्कर लगाते रहे लेकिन चुनावी सभाएं उन्होंने नहीं की। वहीं कांग्रेस की ओर से प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी ने शहर में रोड शो और सभा की। ग्रामीण क्षेत्रों में कांग्रेस भाजपा की नुक्कड़ साभाएं हुई लेकिन उनमें प्रादेशिक और राष्ट्रीय नेताओं की कमी खली।

### नहीं बन पाया चुनावी माहौल

स्टार प्रचारकों के दौरे कम होने से चुनाव माहौल नहीं बन पाया। प्रत्याशी मतदाताओं को लुभाने में लगे रहे। यही वजह है कि चुनाव प्रचार के अंतिम दिन प्रत्याशी लगातार अपने आप को चुनाव अभियान में झोंकने में लगे रहे। बुधवार की शाम चुनाव प्रचार थमने के बाद अब मतदाताओं की बारी है। 48 घंटे के अंदर मतदाता अपना मानस पटल तैयार करेगा, और 19 अप्रैल को अपना फैसला ईवीएम में सुरक्षित कर देगा।

### शांति पूर्ण मतदान के लिये प्रशासन मुश्तैद

इधर लोकसभा चुनाव मतदान की तैयारी में जिला प्रशासन भी पूरी ताकत के साथ व्यवस्था में जुटा रहा सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस प्रशासन भी माथा-पच्ची करता रहा। पिछले एक महीने में प्रशासन भी चुनाव की तैयारियों में लगातार जुटा रहा।जबलपुर लोकसभा क्षेत्र में आठ विधान सभा क्षेत्र आते है। जिनमें पश्चिम, उत्तर, पूर्व और केंट शहरी विधानसभा क्षेत्र है तो वहीं सिहोरा, पनागर, पाटन और बरगी चार ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र आते है। आठें विधानसभा क्षेत्र में शांति पूर्ण मतदान कराने के लिये जिला व पुलिस प्रशासन द्वारा व्यापक स्तर पर इंतेजाम किये गये। पुलिस अधीक्षक आदित्य प्रताप सिंह ने जहां पुलिस बल की बीप्रिंग की और उन्हें मुश्तैदी से डय़ूटी करने के दिशा निर्देश दिए तो वहीं जिला कलेक्टर ने मतदान सामग्री वितरण और वापसी की रिहर्सल कराई। वहीं सेक्टर मजिस्ट्रेटों को मतदान के दिन अलर्ट रहने के निर्देश दिए।




# प्रेक्षक की मौजूदगी में हुआ मतदान दलों का तीसरा रेंडमाइजेशन

**जबलपुर**। लोकसभा चुनाव के लिये मतदान कराने गठित मतदान दलों एवं माइक्रो आब्जर्वर की तीसरे रेंडमाइजेशन की प्रक्रिया बुधवार की शाम निर्वाचन आयोग द्वारा नियुक्त सामान्य प्रेक्षक प्रांजल यादव की उपस्थिति में कलेक्टर कार्यालय स्थित एनआईसी के व्हीसी कक्ष में सम्पन्न हुई ।

तृतीय चरण की रेंडमाइजेशन की इस प्रक्रिया में मतदान दलों को मतदान केंद्र आबंटित किये गये तथा यह तय हुआ कि कौन-कौन से मतदान दल रिजर्व में रहेंगे ।

रेंडमाइजेशन की यह प्रक्रिया निर्वाचन आयोग के सीईएमएस सॉफ्टवेयर से की गई । इस दौरान जिला निर्वाचन अधिकारी एवं कलेक्टर तथा जबलपुर लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र में शामिल जिले की आठों विधानसभा क्षेत्र के सहायक रिटर्निंग अधिकारी भी मौजूद थे । रेंडमाइजेशन की प्रक्रिया के दौरान बताया गया कि जिले के 2 हजार 139 मतदान केंद्रों में से 260 मतदान केंद्र महिलाओं द्वारा प्रबंधित मतदान केंद्र होंगे ।

इसी प्रकार पनागर विधानसभा क्षेत्र में दिव्यांग कर्मियों द्वारा प्रबंधित एक मतदान केंद्र होगा। मतदान दलों के तीसरे रेंडमाइजेशन की प्रक्रिया एनआईसी के प्रभारी आशीष शुक्ला द्वारा सम्पन्न कराई गई । मतदान दलों के साथ-साथ क्रिटिकल एवं वल्नरेबल बूथों पर तैनात किये जा रहे माइक्रो आब्जर्वर का भी तीसरे चरण का रेंडमाइजेशन संपन्न कराया गया।



# मतदान सामग्री वितरण व वापसी की मॉकड्रिल

जबलपुर।

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी दीपक सक्सेना ने जेएनकेव्हीव्ही परिसर पहुंचकर मतदान सामग्री वितरण व वापसी की मॉकड्रिल का निरीक्षण किया। इस अवसर पर सभी एआरओ व नोडल अधिकारी व संबंधित अधिकारी-कर्मचारी मौजूद थे। कलेक्टर सक्सेना ने इस दौरान सभी नोडल अधिकारियों और एआरओ को मतदान सामग्री वितरण व वापसी के संबंध में आवश्यक निर्देश देते हुये कहा कि मतदान सामग्री का वितरण व वापसी के समय मतदान दल को किसी प्रकार की असुविधा न हो। इस दौरान वाहनों की पार्किंग आदि के संबंध में भी आवश्यक निर्देश दिये। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को कहा कि मतदान सामग्री वितरण व वापसी के बारे में डय़ूटी में लगे अधिकारियों-कर्मचारियों को अच्छी तरह से मार्गदर्शन करें ताकि इस दौरान उन्हें किसी प्रकार की असुविधा न हो।

### सामग्री वितरण स्थल पर बनाये गये फेसिलिटेशन सेन्टर

डाक मतपत्र से मतदान करने से शेष रह गए लोकसभा का चुनाव कराने तैनात शासकीय कर्मचारियों को गुरुवार 18 अप्रैल को मतदान सामग्री वितरण स्थल पर अपने मताधिकार का इस्तेमाल करने की सुविधा दी गई। इसके लिये सामग्री वितरण स्थल कृषि विश्वविद्यालय परिसर स्थित कृषि प्रौद्योगिकी सूचना केन्द्र के दो कक्षों में फेसिलिटेशन सेंटर बनाये गये हैं। डाक मतपत्र से मतदान के पात्र शासकीय सेवक सुबह 7 बजे से शाम 5 बजे तक इन फेसिलिटेशन सेंटर्स पर मतदान कर सकेंगे। जिला निर्वाचन कार्यलय सम्पूर्ण प्रक्रिया की पारदर्शिता हेतु वीडियोग्राफी भी कराई जायेगी। मतदान के दौरान राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों एवं अभ्यर्थियों से भी उपस्थित रहने की अपील की गई है।

# 1256 मतदान केन्द्रों पर वेबकास्टिंग से रखी जायेगी नजर

**जबलपुर। संसदीय क्षेत्र के निर्वाचन के लिए शुक्रवार 19 अप्रैल को होने वाले मतदान पर नजर रखने कुल 2 हजार में से 1 हजार 256 मतदान केन्द्रों पर तथा 317 ऐसे की वेबकास्टिंग की जायेगी जहां एक से अधिक मतदान केन्द्र स्थापित किये गये है। इन मतदान केन्द्रों एवं एक से अधिक मतदान केन्द्र परिसर पर वेबकास्टिंग के लिए 1 हजार 573 कैमरे लगाये जा रहे हैं।**

इन कैमरो से होने वाली मतदान केन्द्रों की लाइव स्ट्रीमिंग (वेबकास्टिंग) की सतत मॉनीटरिंग हेतु कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में जिला स्तर पर वेबकास्टिंग एवं कम्यूनिकेशन कक्ष की स्थापना की गई है तथा सवा सौ से अधिक कर्मचारियों को तैनात किया गया है। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जबलपुर संसदीय क्षेत्र के लिये नियुक्त सामान्य प्रेक्षक प्रांजल यादव ने बुधवार की शाम जिला निर्वाचन अधिकारी एवं कलेक्टर दीपक सक्सेना के साथ वेबकास्टिंग एवं कम्यूनिकेशन कक्ष का निरीक्षण किया। इस दौरान उप जिला निर्वाचन अधिकारी धीरेन्द्र सिंह, कम्यूनिकेशन टीम प्रभारी शिवांगी जोशी तथा अन्य संबंधित अधिकारी भी मौजूद थे। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्वाचन की प्रक्रिया के सतत पर्यवेक्षण एवं निगरानी की दृष्टि से वेबकास्टिंग कार्य को निर्वाचन की प्रक्रिया का हिस्सा बनाया गया है। इस प्रक्रिया के तहत मतदान केन्द्रों पर मतदान दिवस को होने वाली समस्त मतदान संबंधी प्रक्रियाओं को रिकार्ड करते हुए चयनित स्थानों पर लाइव स्ट्रीमिंग के लिये उपलब्ध कराया जायेगा। यह लाइव स्ट्रीमिंग मुख्यतः भारत निर्वाचन आयोग नई दिल्ली, मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी भोपाल, संबंधित जिला निर्वाचन अधिकारी तथा उस लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले विधानसभा क्षेत्र के सहायक रिटर्निंग अधिकारी को लिंक के माध्यम से उपलब्ध करायी जायेगी। वेबकास्टिंग का प्रमुख उद्देश्य मतदान प्रक्रिया को मतदान के वास्तविक समय के दौरान देखना तथा मतदाताओं के मन में प्रक्रिया के प्रति विश्वास जागृत करना है। इस प्रक्रिया के माध्यम से मतदान प्रक्रिया को बाधित करने वाले तत्वों पर भी निगरानी रखी जायेगी।

ज्ञात हो कि भारत निर्वाचन आयोग ने मतदान केन्द्रों के अतिरिक्त मतदान केन्द्रों के बाहर लगने वाली कतारों, देर तक जारी रहने वाले मतदान एवं मतदान केन्द्र के बाहर परिसर में होने वाली घटनाओं की निगरानी की दृष्टि से वेबकास्टिंग के कैमरों की संख्या को मतदान केन्द्रों की कुल संख्या के 75 प्रतिशत तक किये जाने के निर्देश दिये है। इन निर्देशों के तहत जिले में कुल ऐसे 317 परिसरों (लोकेशन) का चयन किया गया जिन परिसरों में मतदान केन्द्रों की संख्या अधिक थी एवं इस कारण से मतदाताओं की उपस्थित होने वाली संख्या भी अधिक होना तय थी। चयनित किये गये मतदान केन्द्रों एवं परिसरों में प्राथमिकता के आधार पर जिले के 491 संवेदनशील मतदान केन्द्रों को प्राथमिकता दी गई। इन संवेदनशील मतदान केन्द्रों में मतदान प्रक्रिया को स्वतंत्र रूप से निरीक्षण किये जाने हेतु माईक्रो ऑब्जर्वर की तैनाती भी की गई है।

## मतदान कर्मियों को दिए जाएंगे अलग-अलग रंग के परिचय पत्र

**जबलपुर**। लोकसभा का चुनाव कराने के लिए जबलपुर संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में शामिल आठों विधानसभा क्षेत्रों में मतदान कराने नियुक्त मतदान कर्मियों को अलग-अलग रंग के फोटो पहचान पत्र जिला निर्वाचन कार्यालय द्वारा जारी किए जाएंगे। ये पहचान पत्र संबंधित विधानसभा क्षेत्र के बूथ लेबल अधिकारियों को भी प्रदान किए जाएंगे। जिला निर्वाचन कार्यालय के मुताबिक पाटन विधानसभा क्षेत्र के मतदान कर्मियों एवं बीएलओ को नारंगी रंग के, बरगी विधानसभा क्षेत्र के मतदान कर्मियों एवं बीएलओ को पीले रंग के, जबलपुर पूर्व विधानसभा क्षेत्र के मतदान कर्मियों एवं बीएलओ को नीले रंग के, जबलपुर उत्तर विधानसभा क्षेत्र के मतदान कर्मियों एवं बीएलओ को लाल रंग के, जबलपुर कैंट विधानसभा क्षेत्र के मतदानकर्मियों एवं बीएलओ को हरे रंग के, जबलपुर पश्चिम विधानसभा क्षेत्र के मतदानकर्मियों एवं बीएलओ को सफेद रंग के, पनागर विधानसभा क्षेत्र के मतदान कर्मियों एवं बीएलओ को भूरे रंग के तथा सिहोरा विधानसभा क्षेत्र के मतदान कर्मियों एवं बीएलओ को बैंगनी रंग के पहचान पत्र दिए जाएंगे।

# महू पटाखा फैक्ट्री हादसा पीड़ितों को पर्यावरण क्षतिपूर्ति कोष से राशि आवंटित करें

**-नागरिक उपभोक्ता मार्गदर्शक मंच की मांग : एनजीटी के हरदा मामले में पारित आदेश का दिया हवाला**

**जबलपुर**। नागरिक उपभोक्ता मार्गदर्शक मंच, जबलपुर ने महू पटाखा फैक्ट्री हादसा पीड़ितों को पर्यावरण क्षतिपूर्ति कोष की 16.786 करोड़ रुपये राशि से राहत प्रदान करने की मांग की है। मंच के प्रांताध्यक्ष डा.पीजी नाजपांडे ने हरदा मामले में एनजीटी द्वारा पारित आदेश का हवाला दिया है। उन्होंने बताया कि हरदा मामले में प्रति पीड़ित 20 लाख रुपये की राहत दिए जाने की व्यवस्था दी गई थी। जिस तरह हरदा मामला प्राकृतिक नहीं बल्कि मानव निर्मित था, उसी तरह महू मामला भी है। लिहाजा, पीड़ितों को राजस्व पुस्तक परिपत्र के तहत राहत न देकर पर्यावरण क्षतिपूर्ति कोष में कुल जमा 16.786 करोड़ से राहत दी जाए। इस सिलसिले में मुख्य सचिव को ई-मेल भेजा गया है। पर्यावरण राशि की जानकारी आरटीआइ के जरिये प्राप्त की गई है। जिसे संलग्न कर मुख्य सचिव को ई-मेल में अवगत कराया गया है कि उनकी व रजत भार्गव की जनहित याचिका पर आठ फरवरी, 2024 को एनजीटी ने हरदा मामले में आदेश सुनाया था। उसी आधार पर महू मामले में भी राहत दी जानी चाहिए। मामले की 19 अप्रैल को एनजीटी में सुनवाई के दौरान इस पर बल दिया जाएगा। मामले में पैरवी कर रहे अधिवक्ता प्रभात यादव ने बताया कि जनहित याचिकाकर्ता की ओर से हरदा प्रकरण की तरह महू प्रकरण में भी इंसाफ की गुहार लगाई जाएगी।

### मुख्यमंत्री ने किया जबलपुर के संकल्प पत्र का विमोचन

# समृद्ध और आत्मनिर्भर बनेगा जबलपुर: डॉ. यादव

जबलपुर।

2014 लोकसभा चुनाव में हमने 27 सीटें जीतीं, फिर 2019 के लोकसभा चुनाव में हमने 28 सीटें जीतीं इस बार 2024 में हम सभी 29 सीटें जीतेंगे। यह बात मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने बुधवार को जबलपुर में पत्रकारवार्ता के दौरान कही। उन्होंने आगे कहा कि जबलपुर में हमने पहले 1 लाख वोट से जीत हासिल की फिर 2 लाख फिर 4 लाख से हम जीते, हर बार हमने जबलपुर में नया इतिहास बनाया। इस भी जबलपुर में हम ऐतिहासिक मार्जिन से जीतेंगे। उन्होंने आगे कहा यह जीत सिर्फ जनता के आशीष से होती है। इस बार भी हमें पूर्ण विश्वास है कि जनता प्रधामंत्री मोदी और भाजपा को ऐतिहासिक बहुमत से जीत दर्ज कराएगी। श्री यादव ने यहां भाजपा के जबलपुर संकल्प पत्र का भी विमोचन किया और कहा इस संकल्प पत्र में हमने जो वादे किये हैं, वो मोदी की गारंटी है, निश्चित पूरी होगी। जबलपुर के संकल्प पत्र में समृध्द विकसित और आत्म निर्भर जबलपुर का वायदा किया गया। इस दौरान केबिनेट मंत्री राकेश सिंह, भाजपा प्रत्याशी आशीष दुबे सहित भाजपा विधायक, महापौर और पार्टी पदाधिकारी उपस्थित रहे।




### समुन्दर पार जाकर लड़ेंगे चुनाव

कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर निशाना साधते हुये उन्होंने कहा, राहुल गांधी ने हमेशा महिलाओं, युवाओं और सनातन धर्म का अपमान किया है। इसी वजह से वह उनकी पार्टी उत्तर भारत से साफ हो गई। जिसके बाद उन्हें दक्षिण भारत में जाना पड़ा है। आज भी जिस तरह से वह सनातम धर्म, महिलाओं और युवाओं का अपमान कर रहे हैं। इस बार उन्हें केरल में भी जगह नहीं मिलेगी और उन्हें अगली बार समुन्दर पार जाकर चुनाव लड़ना पड़ेगा।

### अयोध्या से अरब तक सनातन का शिलान्यास

श्री यादव ने कहा आज कांग्रेस श्री राम की बात कर रही है। जब मंदिर आंदोलन चल रहा था, तब कांग्रेस ने हमारी चुनी हुई सरकारों को गिराने का काम किया। विपक्ष ने हमेशा लोकतंत्र को कमजोर करने के लिये, लोगों को डराने के लिये सबकुछ किया। विपक्ष कहता था राम मंदिर बनेगा तो देश में दंगा होगा। लेकिन मोदी जी के नेतृत्व में राममंदिर बना और सबने राममंदिर का स्वागत किया। श्री यादव ने कहा हम हिन्दू मुसलमान सबको साथ लेकर विकास और शिलान्यास करते हैं। आयोध्या से लेकर अरब तक सनातन का शिलान्यास किया। उन्होंने कहा मोदी जी का नारा है हमारा नारा है, सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास सबका प्रयास।

## 18 लाख मतदाता करेंगे 19 उम्मीदवारों के भाग्य का फैसला

**जबलपुर**। लोकसभा चुनाव के तहत जबलपुर संसदीय क्षेत्र के निर्वाचन के लिये शुक्रवार 19 अप्रैल को होने वाल मतदान में जिले के आठों विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों के 18 लाख 96 हजार 346 मतदाता अपने मताधिकार का इस्तेमाल कर सकेंगे तथा चुनाव लड़ रहे 19 उम्मीदवारों के भाग्य का फैसला करेंगे। मतदान जिले के सभी 2 हजार 139 मतदान केन्द्रों पर सुबह 7 बजे से शाम 6 बजे तक होगा।

जबलपुर संसदीय क्षेत्र के चुनाव के जबलपुर जिले में 9 सहायक मतदान केन्द्रों सहित कुल 2 हजार 139 मतदान केन्द्र बनाये गये हैं। इनमें पाटन विधानसभा क्षेत्र के 303, बरगी के 286, सात सहायक मतदान केंद्रों सहित जबलपुर पूर्व के 231, जबलपुर उत्तर के 240, एक सहायक मतदान केंद्र सहित जबलपुर कैंट के 214, जबलपुर पश्चिम के 272, पनागर के 310 और एक सहायक मतदान केंद्र सहित सिहोरा विधानसभा क्षेत्र में 283 मतदान केन्द्र शामिल हैं।

लोकसभा चुनाव के लिए शुक्रवार 19 अप्रैल को होने वाले मतदान में जिले में 18 लाख 96 हजार 346 मतदाता 19 उम्मीदवारों के भाग्य का फैसला करेंगे। जिला निर्वाचन कार्यालय के अनुसार जिले के कुल 18 लाख 96 हजार 346 मतदाताओं में 9 लाख 63 हजार 065 पुरुष एवं 9 लाख 33 हजार 186 महिला तथा थर्ड जेंडर के 95 मतदाता शुक्रवार 19 अप्रैल को लोकसभा चुनाव के लिए होने वाले मतदान में अपने मताधिकार का इस्तेमाल कर सकेंगे। कुल मतदाताओं में 18 से 19 वर्ष की आयु के 38 हजार 459 मतदाता भी शामिल हैं। जिला निर्वाचन कार्यालय के मुताबिक जिले के पाटन विधानसभा क्षेत्र में कुल 2 लाख 58 हजार 595 मतदाता लोकसभा चुनाव के मतदान में हिस्सा ले सकेंगे।

# श्री राम नवमीं पर मातृशक्ति ने निकाली भव्य वाहन रैली

## जगह जगह पुष्प वर्षा का हुआ स्वागत

**सिहोरा।** श्री राम नवमी के पावन अवसर पर नगर उपनगर की मातृशक्ति द्वारा भव्य वाहन रैली निकाली गई जिसका शुभारंभ बाबाशाला कटरा मोहल्ला में भगवान श्रीराम माता सीता लक्ष्मण एंव पवनसुत की झांकी के पूजन अर्चन के बाद प्रारम्भ हुई। रैली में सभी मातृशक्ति ने भगवा कलर की साड़ी के साथ पगड़ी भी पहनी थी। जिससे रैली की खूबसूरती देखते ही बन रही थी।

### इन मार्गों से होकर निकली रैली

भगवा ध्वज और जय श्रीराम के गगन भेदी नारों को गुंजायमान करते हुए रैली कटरा मोहल्ला,झंडा बाजार,कालभेरव चौक, सरावगी मोहल्ला,महावीर चौक,मैना कुंआ,बाबाताल से खितौला तिराहा,बारीबहू स्टेडियम से होकर खितौला बस स्टेंड, रेलवे फाटक,वन विभाग कार्यालय मार्ग से होकर स्टेशन तिराहा, राधाकृष्णन मंदिर से वापस खितौला बाजार से होकर निकली जिसका समापन बाबाताल के पास किया गया। समापन स्थल पर भंडारे का आयोजन भी रखा गया था जहां सभी ने प्रसाद ग्रहण किया।



### रैली में रामभक्तों ने की पुष्प वर्षा

वाहन रैली में सिहोरा के झंडा बाजार, काल भैरव चौक, सरावगी मोहल्ला सहित खितौला में अनेक स्थानों पर रामभक्तों ने एकत्र होकर मातृशक्ति पर पुष्प वर्षा तथा जय श्रीराम के नारे लगाये।इसी तरह अनेक स्थानों पर बालिकाओं ने प्रभु श्रीराम के भजनों पर नृत्य भी किया।

### अनेक देवी मंदिरों के जवारो का विसर्जन

इसी तरह नवरात्र पर्व के समापन पर अनेक देवी मठों मंदिर में स्थापित जवारे घट का विसर्जन शोभायात्रा निकाली गई जो नगर का भ्रमण करते हुए सरोवर में संपन्न हुई। भव्य शोभायात्रा में जुलूस के आगे भाव खेलते पंडा और उसके पीछे माताये सर पर कलश रखकर चल रही थी।





# भगवान श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर में रामनवमीं उत्सव मनाया

**पाटन।** नगर के गुरु मोहल्ला स्थित भगवान श्री लक्ष्मी नारायण जी मंदिर जिसकी मान्यता पूरे जबलपुर जिले में है स्वर्गीय भगवत प्रसाद गुरु पूर्व विधायक के परिजन अपनी पूरी आस्था के साथ नगर के इस भव्य एवं दिव्य तीन दिवसीय कार्यक्रम में भगवान श्री रामचंद्र जी महाराज का भव्य जल विहार समारोह पुरे हर्ष उल्लास एवं उत्साह के साथ मनाया जाता है इस मंदिर प्रांगण में भगवान श्री लक्ष्मी नारायण का पूजन अभिषेक के साथ प्रसिद्ध तबला वादक घंसौर घराने के पंडित मुकेश चोबे के माध्यम से संगीत में पूजन एवं आरती देखने के लिए नगर के लोग विशेष रूप से आते इस वर्ष कानपुर से पधारी मानस विदुषीसुश्री कंचन द्विवेदी के द्वारा प्रतिदिन मंदिर में प्रवचन माला आयोजित की गई है इस अवसर पर पंडित संजय गुरु संदीप गुरु एवं सचिन गुरु ने सभी श्रद्धालु लोगों से अपील की है की अधिक से अधिक संख्या में मंदिर प्रांगण में पधारकर प्रवचन एवं भगवान लक्ष्मी नारायण के दर्शन का लाभ प्राप्त करें।

## नगर के पुराने दिवाले पर शक्ति पूजन के साथ जवारे रखे गए



**पाटन।** नगर की सबसे पुरानी दिवाले पर शक्ति आस्था विश्वास और समर्पण के साथ प्रतिवर्ष अनुसार किस वर्ष भी चैत माह में जवारे रखे गए स्वर्गीय गोविंद प्रसाद पंडा के निवास पर भक्ति और श्रद्धा का सैलाब दिन भर लगा रहता है। ऐसी मान्यता है कि इस दरबार में जो भी अपनी मन्नत रखता है वह अवश्य पूरी होती है। घर परिवार से लेकर के पूरे नगर में आस्था का केंद्र है अशोक तिवारी बलदाऊ तिवारी रामकृष्ण वीरेंद्र बलराज विधि सोम तिवारी एवं राहुल प्यासी के माध्यम से लोग भक्ति भाव से पूजन करते हैं नगर के युवा प्रतिष्ठित पंडित सचिन गुरु ने भी अपनी पारिवारिक परंपरा को निर्वहन करते हुए शक्ति के जवारे का पूजन किया।

### जबलपुर- दुर्ग-जबलपुर के मध्य चलेगी स्पेशल ट्रेन

**जबलपुर।** यात्रियों की सुविधा के मददेनजर जबलपुर- दुर्ग-जबलपुर के मध्य नौ ट्रिप के लिए रेल प्रशासन द्वारा एक स्पेशल ट्रेन चलाने का निर्णय लिया गया है। ग्रीष्मकाल में अतिरिक्त रेल यात्री यातायात क्लियर करने यह गाड़ी जबलपुर मंडल के कटनी साउथ स्टेशन से होकर गन्तव्य को जायेगी। जबलपुर- दुर्ग-जबलपुर ट्रेन 22 अप्रैल से 17 जून (प्रत्येक सोमवार) को जबलपुर स्टेशन से 20.30 बजे प्रस्थान कर, 21.35 बजे कटनी साउथ होकर अगले दिन मंगलवार को प्रातः 06.15 बजे दुर्ग स्टेशन पहुंचेगी। इसी प्रकार वापसी में दुर्ग-जबलपुर-दुर्ग ट्रेन 23 अप्रैल से 18 जून (प्रत्येक मंगलवार) को दुर्ग स्टेशन से सुबह साढ़े नो बजे प्रारंभ होकर, मंगलवार को रात 21.15 बजे जबलपुर स्टेशन पहुंचेगी। इसी तरह रीवा-रानी कमलापति-रीवा के मध्य 15 ट्रिप के लिए रेल प्रशासन द्वारा एक स्पेशल ट्रेन चलाने का निर्णय लिया गया है। यह गाड़ी जबलपुर मंडल के सतना स्टेशन से होकर 20अप्रेल को प्रति शनिवार से चलेगी। इस गाड़ी में वातानुकूलित श्रेणी सहित शयनयान श्रेणी एवं सामान्य श्रेणी आदि के 22 कोच रहेंगे। यह गाड़ी के जबलपुर से प्रारंभ होकर दोनों दिशाओं में सिहोरा रोड, उमरिया, शहडोल, अनूपपुर, पेंड्रा रोड, उसलापुर, भाटापारा एवं रायपुर जंक्शन स्टेशनों पर रुकेगी।

# कान्यकुब्ज ब्राह्मण सभा ने की शक्ति उपासना



**जबलपुर।** कान्यकुब्ज ब्राम्हण सभा महिला प्रकोष्ठ द्वारा कान्यकुब्ज ब्राह्मण सभा भवन चेरीताल में हिंदू नववर्ष एवं चैत्र नवरात्र पर नववर्ष शक्ति उपासना कार्यक्रम का आयोजन श्रीमती श्रद्धा दुबे के मुख्य आतिथ्य में किया गया है। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन व माँ भगवती की आराधना आरती से हुआ। अतिथियों का स्वागत तिलक लगाकर, अपर्णा उढ़ाकर तथा कान्यकुब्ज सभा के द्वारा प्रकाशित वार्षिक पत्रिका भेंट कर किया गया। इस कार्यक्रम में महिला मण्डल द्वारा सुंदर देवी गीत,भजन एवं भक्ते एवं आकर्षक नृत्य प्रस्तुत किये गये।कार्यक्रम का संचालन डॉ. मुकुल तिवारी द्वारा किया गया। कार्यक्रम का संयोजन श्रीमती मीरा अग्निहोत्री, श्रीमती सुषमा त्रिपाठी द्वारा किया गया।कार्यक्रम का निर्देशन कान्यकुब्ज ब्राह्मण सभा जबलपुर के अध्यक्ष श्री संतोष मिश्रा जी एवं कान्यकुब्ज ब्राहम्ण सभा महिला प्रकोष्ठ की अध्यक्षा डॉ.आशा पांडे द्वारा किया गया। आयोजन में गिरीश अवस्थी, के. के. शुक्ला, डॉ.श्रद्धा तिवारी, अल्पना पांडे, लक्ष्मी दीक्षित, पारुल,प्रज्ञा, सुजाता अग्निहोत्री,ज्योति अवस्थी, डॉ.सरोज शुक्ला व नीलू दुबे सहित बड़ी संख्या में धर्मप्रेमी उपस्थित थे।

### हाई कोर्ट में लोस मतदान के दिन रहेगा अवकाश

**जबलपुर।** लोकसभा चुनाव अंतर्गत 19 अप्रैल को होने वाले मतदान के लिये हाई कोर्ट की मुख्यपीठ जबलपुर में में अवकाश घोषित किया गया है। मुख्य न्यायाधीश रवि विजय मलिमठ के आदेश पर रजिस्ट्रार जनरल मनोज कुमार श्रीवास्तव ने इस आशय की अधिसूचना जारी कर दी है। इसके तहत जबलपुर मुख्यपीठ में 19 अप्रैल को ग्वालियर बेंच में सात मई को व इंदौर बेंच में 13 मई को होने वाले लोकसभा चुनाव के मद्देनजर हाई कोर्ट में अवकाश रहेगा। इसके एवज में शनिवार, 31 अगस्त को शनिवार को कार्य-दिवस घोषित किया गया है।

# आसमान छंटे अब बढ़ेगी गर्मी

- तेज धूप निकालने लगी पसीना
- टेम्प्रेचर फिर 40 डिग्री के पार




**जबलपुर।** पिछले चार पांच दिनों से पश्चिमी विक्षोभ की गिरफ्त में चल रहा मौसम अब स्वच्छंद हो चला है। आसमान से बादलों की परत छंटने के बाद अब मौसम शुष्क हो गया है। मौसम वैज्ञानिकों का माने तो अब पारा तेजी से उछाल मारेगा और गर्मी अपना असर दिखाएगी। मौसम शुष्क होते ही भले पारा अभी ऊपर नहीं चढ़ा है लेकिन गर्मी इतनी तेज थी कि लोगों का पसीना बहने लगा। मौसम विभाग ने अगले 1-2 दिनों में लू चलने की चेतावनी दी है। शहर में दिनभर तेज धूप बनी रही। सूरज की तपिश ने सुबह से ही झुलसाना शुरु कर दिया था। दिन में गर्म हवा चलीं। सड़कें सूनी हो गईं&। दिन में बादलों की वजह से तापमान स्थिर रहा तो रात में राजस्थान से आ रहीं गर्म हवाओं ने लोगों को बेचैन किया। दोपहर में धूप चुभने लगी है। रात में भी गर्मी धीरे-धीरे बढ़ रही है। मौसम विभाग के मुताबिक अब मौसम शुष्क रहेगा। पश्चिमी हवायें वातावरण में गर्माहट घोलेंगी। दोपहर में कड़ी धूप की वजह से सड़कें सूनी होने लगी हैं। लोग धूप से बचने के लिये टोपी, गमछा बांधकर निकलने लगे हैं। गर्मी के बढ़ने के साथ ही शीतल पेय पदार्थ कोल्ड ड्रिंक, गन्ने का रस, आम का पना, नारियल पानी की तरफ लोग आकर्षित होने लगे हैं।

मौसम विज्ञान केन्द्र से प्राप्त जानकारी के अनुसार पिछले 24 घंटों के दौरान 38.6 डिग्री सेल्सियस तापमान दर्ज किया गया, जो सामान्य दर्ज किया गया। न्यूनतम तापमान 22.8 डिग्री सेल्सियस सामान्य से 1 डिग्री कम दर्ज किया गया। हवा में नमी प्रातकाल 46 प्रतिशत और सायंकाल 22 प्रतिशत आंकी गई। सूयोदय सुबह 5.46 और सूर्यास्त शाम 6.32 पर हुआ। गत वर्ष आज के दिन अधिकतम तापमान 40.4 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम 21.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था। उत्तर-पश्चिमी हवाएं 4 से 5 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चलीं। प्रदेश में सबसे अधिक 42.5 डिग्री तापमान बड़वानी और सबसे कम 19.2 बिजावर (छत्तरपुर) जिले में दर्ज किया गया। अगले 24 घंटों के दौरान मौसम शुष्क रहने की संभावना है।

# जुआ, सट्टा, शराब के अवैध कारोबारियों की धरपकड़

**जबलपुर।** शहर पुलिस ने जुआ, सट्टा खिलाने वालों एवं अवैध मादक पदार्थ, अवैध हथियार, के कारोबार में लिप्त आरोपियों के साथ-साथ चोरी, नकबजनी, एवं मारपीट करने वालें आरोपियों को भी गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 1 हजार 527 पाव देशी, अंग्रेजी शराब, 85 लीटर कच्ची शराब, 3 चाकू और जुआड़ियों, सटोरियों से नगदी 5 हजार 480 रुपए जब्त किए है।

कंट्रोलरुम से प्राप्त जानकारी के अनुसार पिछले 24 घंटे में आदतन अपराध करने वाले 28 आरोपियों के विरूद्ध धारा 110 जा.फौ. के तहत, तथा वाद विवाद करने वाले 87 व्यक्तियों के विरूद्ध 107/116 जा.फौ. के तहत, एवं 17 व्यक्तियो के विरूद्ध धारा 151 जा.फौ. के तहत की गयी है, इसी प्रकार पिछले कई वर्षे से फरार 7 गैरम्यादी, 30 म्यादी वारंटी, को गिरफ्तार किया गया है तथा 9 व्यक्तियों के विरूद्ध 34 आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही करते हुये 1527 पाव देशी, अंग्रेजी एवं 85 लीटर कच्ची शराब, जब्त की गयी तथा 3 व्यक्तियो के विरूद्ध 25 आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई करते हुये 3 चाकू जब्त किये गये एवं 6 जुआडियों को जुआ खेलते हुये



एवं 3 सटोरियों को सट्टा लिखते हुये रंगे हाथों पकड़ा गया जुआड़ियों एवं सटोरियो के कब्जे से 5 हजार 480 रूपये जब्त किये गये।

### सटोरिया पकड़ा गया

गौरीघाट पुलिस ने बुधवार की सुबह पुराना रेलवे स्टेशन के पीछे मैदान में सट्टा पट्टी लिख रहे एक सटोरिए को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से तीन सट्टा पट्टी और नगदी 2 हजार 240 रुपए जब्त किए है। गौरीघाट थाना प्रभारी सत्तूराम मरावी ने बताया कि आदर्श नगर नर्मदा रोड राजा रेसीडेंसी गोरखपुर निवासी 31 वर्षीय किशन ढोमानी बुधवार की सुबह पुराना रेलवे स्टेशन के पीछे मैदान में सट्टा पट्टी लिख रहा था। मुखबिर की सूचना पर पहुंची पुलिस ने आरोपी किशन ढोमानी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से तीन सट्टा पट्टी एवं 2 हजार 240 रुपए जब्त किए है। पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध 4 क सट्टा एक्ट के तहत कार्रवाई कर मामला जांच में लिया है।

### घर में घुसकर 4 मोबाइल और नगदी चोरी

**जबलपुर।** बेलबाग थाना अतंर्गत आकांक्षा अस्पताल के पास बेलबाग में एक घर में घुसकर अज्ञात चोर कमरे में रखे चार मोबाईल और नगदी पांच हजार रुपए चोरी कर ले गए। बेलबाग पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार आकांक्षा अस्पताल के पास बेलबाग निवासी 43 वर्षीय किराना दुकान व्यापारी आशिक सोनकर गत रात लगभग 11.30 बजे दुकान बंद कर घर आया और खाना खाकर घर के अंदर कमरे में चार मोबाइल रखकर सो गया था। कमरे का दरवाजा खुला था। दूसरे दिन सुबह 6 बजे उठा तो कमरे में रखे चार मोबाइल और डिब्बे में रखे नगदी 5 हजार रुपए अज्ञात चोर चोरी कर ले गए। पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट पर धारा 380 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामला जांच में लिया है।

# श्वान को पत्थर मारने पर विवाद, चाकू चले

**जबलपुर।** बरेला थाना अतंर्गत सालीवाड़ा मे कुत्ते को पत्थर मारने से मना करने की बात पर दो बदमाशों ने एक युवक को जातिगत रुप से अपमानित कर गालीगलौज व



मारपीट कर चाकू से हमला कर दिया।

बरेला पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार झिरिया केंट सालीवाड़ा बरेला निवासी 30 वर्षीय रीतेश कुमार डुमार बबली चड्डा के फार्महाउस में काम करता है। गत दिवस रीतेश अपने मालिक के कुत्ते को घुमा रहा था, तभी रोड किनारे खड़े अगम पटेल को देखकर कुत्ता भौंकने लगा। अगम पटेल ने कुत्ते को पत्थर मारा तो उसने पत्थर मारने से मना किया, इसी बात पर अगम ने उसे मारने की धमकी दी। दूसरे दिन दोपहर लगभग 12.30 बजे रीतेश फार्म हाउस में पूजा करने के लिए खेरमाई मंदिर गया था जहां से पूजा करके मंदिर के बाहर निकला तो अगम पटेल और उसका एक अन्य साथी उसके पास आया और उसे खेत तरफ ले गए। जहां पर दोनों ने उसे जातिगत रुप से अपमानित कर गालीगलौज व मारपीट कर चाकू से उसकी पीठ, जांघ पर हमला कर जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट पर धारा 294, 324, 506, 34 एवं 3 (1)द, 3 (1)ध, 3 (2)व्हीए, का अपराध पंजीबद्ध कर मामला जांच में लिया है।

### गोसलपुर में मारपीट, युवक घायल

गोसलपुर थाना अतंर्गत ग्राम आमी गोसलपुर में पुरानी रंजिश पर तीन बदमाशों ने एक युवक के साथ मारपीट कर चोटें पहुंचा दी। पुलिस ने मारपीट करने वालें तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। गोसलपुर पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम आमी गोसलपुर निवासी 24 वर्षीय पंकज कोरी गत शाम 6 बजे ग्राम पंचायत के बाजू से सरकारी नल में हाथ, पैर धो रहा था, तभी गांव के धर्मेन्द्र, राकेश एवं जितेंद्र खंगार आए और पुरानी रंजिश पर गालीगलौज करने लगे, गालियां देने से मना करने पर तीनों ने मारपीट कर कान, हाथ में चोटें पहुंचाकर जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके खिलाफ रिपोर्ट पर धारा 294, 323, 506, 34 के तहत मामला दर्ज कर

**श्रीमती प्रेमवती रैकवार-** गोपाल होटल लालमाटी निवासी श्री भगवान दास रैकवार की धर्मपत्नी श्रीमती प्रेमवती रैकवार (65) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री विजय अग्रवाल-** कुलियाना मोहल्ला आमनपुर मदनमहल निवासी श्री हरगोविंद अग्रवाल के पुत्र श्री विजय अग्रवाल (44) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्रीमती शकुंतला कहार-** दुर्गा नगर रामपुर निवासी श्री मनीलाल कहार की धर्मपत्नी श्रीमती शकुंतला कहार (62) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री हरजीत सिंह राना-** क्रिश्चयन कॉलोनी प्रेमनगर मदनमहल निवासी श्री हरजीत सिंह राना (69) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्री राजेंद्र मोहन अग्रवाल-** मदर टेरेसा नगर माढ़ोताल निवासी श्री राजेंद्र मोहन अग्रवाल (81) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री आकाश बंशकार-** प्रेमसागर निवासी श्री आकाश बंशकार (18) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती मुन्नी बाई चक्रवर्ती-** तिलहरी रानी दुर्गावती नगर फेस 2 निवासी श्री सुमेरा लाल चकवर्ती की धर्मपत्नी श्रीमती मुन्नी बाई चक्रवर्ती (64) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती रामप्यारी विनोदिया-** टाउनहाल विक्टोरिया भरतीपुर




निवासी श्री मुरारी लाल विनोदिया की धर्मपत्नी श्रीमती रामप्यारी विनोदिया (70) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री गनेश सिंह-** दत्त काम्पलेक्स गोरखपुर निवासी श्री गनेश सिंह (85) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती ज्योति वर्मा-** विजया अपार्टमेंट नेपियर टाउन निवासी श्री धीरेंद्र कुमार वर्मा की धर्मपत्नी श्रीमती ज्योति वर्मा (65) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्री बृज मोहन चौधरी-** गली नं. 3 बादशाह हलवाई मंदिर मोड़ ग्वारीघाट रोड निवासी श्री रघुनंदन चौधरी के पुत्र श्री बृज मोहन चौधरी (39) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती आशा सेन-** घमापुर चौक के पास निवासी श्री बैजनाथ सेन की धर्मपत्नी श्रीमती आशा सेन (60) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती इंदिरा शिवारामन-** दत्त टाउनशिप तिलहरी निवासी श्रीमती इंदिरा शिवारामन (82) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री धरमदास खरे-** हाथीटोल जीसीएफ निवासी धरमदास खरे (46) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

हरिभूमि
निजी/शोक/उठावन, पगड़ी रस्म, पुण्यतिथि संबंधी संदेश प्रकाशित कराने के लिए
अन्य साइज 40/- प्रति स्क्वायर से.मी.
फिक्स साइज:- 8x4 से.मी. ब्लैक&व्हाईट 300/-
फिक्स साइज:- 8x4 से.मी. रंगीन 400/-
फिक्स साइज 10x8 से.मी. रंगीन 1000/-
सम्पर्क करें विज्ञापन विभाग:-0761-4048310, 2757175

## खबर संक्षेप

### गेहूं के अपग्रेडेशन हेतु देना होगा 20 रुपये प्रति क्विंटल लेबर चार्ज

**कटनी।** जिला उपार्जन समिति की विगत दिनों आयोजित बैठक में लिये गये निर्णय के अनुसार उपार्जन संस्था, समिति के माध्यम से नॉन एफ.ए.क्यू गेहूँ के अपग्रेडेशन हेतु लेबर व्यय 20 रुपये प्रति क्विंटल किसानों से भुगतान किया जाना निर्धारित किया गया है। अपर कलेक्टर साधना परस्ते द्वारा जारी आदेश में उपार्जन केन्द्र प्रभारियों को सहज गोचर स्थान पर फ्लेक्स बैनर लगाकर उक्त दर का प्रदर्शन करने के साथ ही उपार्जन केंद्र पर छन्ना, पंखा, क्लिनिंग एवं ग्रेडिंग मशीन उपलब्ध कराने के निर्देश दिए है। लेकिन यदि किसान द्वारा स्वयं नॉन एफ.ए.क्यू गेंहूँ अपग्रेड किया जाता है तो इसके लिए किसान से कोई राशि नहीं ली जायेगी।

### तालाब में मगर दिखाई देने से लोगों में दहशत



**कटनी।** उमरियापान के समीपस्थ ढीमरखेडा रोड पर नर्मदा नहर से कुछ ही दूरी पर स्थित जमुनहा तालाब में गत सुबह एक मगरमच्छ दिखाई दिया है। इससे तालाब में सिंघाडा की फसल लगाने वाले किसानों और आसपास के पान किसानों में दहशत का माहौल है। किसान ललित बर्मन ने बताया कि मंगलवार की सुबह जब वह तालाब में सिंघाडा की फसल देख रहे थे। तभी तालाब के बीच में टापू में करीब 4 से 5 फुट का मगरमच्छ दिखाई दिया। वहीं आसपास के पान किसानों ने भी तालाब में मगरमच्छ देखे जाने की बात बताई। कुछ किसानों ने मगरमच्छ की वीडियो भी बनाई। बताया जाता है उक्त तालाब के आसपास स्थित पान बरेजो में रोजाना पान किसान सिंचाई आदि कर रहे हैं। ऐसे में तालाब में मगरमच्छ दिखने से दहशत का माहौल है। इस संबंध में वन परिक्षेत्र अधिकारी अजय मिश्रा का कहना है कि तालाब में मगरमच्छ दिखने की सूचना नहीं मिली। इसकी जानकारी लेकर टीम गठित कर मगरमच्छ को रेस्क्यू किया जाएगा। फिलहाल किसानों से तालाब के नजदीक नहीं जाने की अपील की जाती है।

### चल समारोह के साथ आज किया जाएगा प्रतिमा का विसर्जन



**ढीमरखेड़ा।** चैत्र नवरात्रि पर्व पर ढीमरखेड़ा के बस स्टैंड स्थित दुर्गा माता मंदिर में अम्बे माँ की प्रतिमा स्थापित की गई है। मातारानी के दर्शन के लिए रोजाना भक्तों की भीड़ उमड़ रही है। मंदिर पहुँचे भक्तों ने विधि विधान से पूजन कर मातारानी को लाल चुनरी और चूड़ी चढ़ाई।भक्तों ने अम्बे माँ को फूलों की माला चढ़ाकर परिवार की सुख समृद्धि की कामना किया।मंदिर के पुजारी कृष्ण कुमार शर्मा ने बताया कि शाम के समय मातारानी की महाआरती होती है। इस मौके पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ती है। मातारानी का पूरा पंडाल श्रद्धालुओं से भर जाता है। कुछ भक्त,पंडा और पुजारी तो भाव भी खेलने लगते हैं। अष्टमी और रामनवमीं की शाम में आयोजित मातारानी की महाआरती में श्रद्धालुओं की खासी भीड़ रही।महाआरती के पूर्व भक्तों ने 11सौ दीप जलाकर मंदिर को दीपों की रोशनी से जगमगाया। महाआरती के बाद मातारानी को चढ़ाए गए महाप्रसाद का वितरण श्रद्धालुओं को किया गया। पुजारी ने बताया कि बुधवार को हवन पूजन भी किया गया।
गुरुवार को दशमी पर सुबह कन्या भोज और फिर भण्डारे का आयोजन होगा। शाम को चल समारोह के साथ मातारानी का विसर्जन किया जाएगा।

## बोरिंग मशीन सहित सवा करोड़ अनुमानित कीमत के दो वाहन जब्त

# बिना अनुमति असुरक्षित तरीके से बोर करने पर 2 लोगों पर दर्ज एफआईआर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

सुप्रीम कोर्ट की गाईडलाइन के उल्लंघन और कलेक्टर अवि प्रसाद द्वारा कटनी जिले को जल अभावग्रस्त क्षेत्र घोषित करने के आदेश का पालन नहीं कर बिना अनुमति लिए खेत में बोर कराने वाले ग्राम गूंड़ा निवासी दो व्यक्तियों के विरूद्ध ढीमरखेड़ा थाना में एफ.आई.आर दर्ज कराई गई है। संबंधितों द्वारा सुप्रीम कोर्ट की गाइडलाइन और कलेक्टर द्वारां जारी आदेश के उल्लंघन पर जिले की यह पहली एफ.आई.आर है। साथ ही खेत में बोर करने वाली दो बोरिंग मशीनों को वाहन सहित जब्त किया गया है। जिनका अनुमानित मूल्य करीब सवा करोड़ रूपये है।

जिले मे वर्तमान में मप्र पेयजल परिरक्षण अधिनियम लागू होने के कारण बिना अनुमति नलकूप खनन पाये जाने वाली फर्म, ठेकेदारों, खनन एजेंसी और व्यक्तियों व संस्थाओं पर कार्यवाही हेतु सुप्रीम कोर्ट द्वारा भी गाइडलाइन जारी की गई है। गाइडलाइन के अनुसार बोरवेल और ट्यूबवेल खनन के लिए सक्षम अधिकारी के पास कम से कम 15 दिन की अग्रिम लिखित सूचना देने की अनिवार्यता है। अनुमति मिलने के बाद ही खनन कार्य कराया जाना था। साथ ही भूमिगत स्त्रोंतों से जल प्राप्त करने हेतु नलकूपों का खनन कार्य करने के बाद जिन नलकूपों में जलआवक क्षमता प्राप्त नहीं होती है या कम प्राप्त होती है उन नलकूपों को सुरक्षित किये बिना खुला छोड दिया जाता है जो छोटे बच्चों के गिरने का कारण बनते है जो गाईडलाइन का उल्लंघन है। यहां गूंड़ा गांव के राजेश एवं नरेश द्वारा भी गाईडलाइन और निर्देशों का पालन नहीं किया गया।



### आदेश के उल्लंघन पर कार्यवाही

कलेक्टर ने बीते 28 मार्च को एक आदेश जारी कर जिले को जल अभावग्रस्त क्षेत्र घोषित किया था। इसके तहत कोई भी व्यक्ति स्वयं अथवा प्राईवेट ठेकेदार अनुविभागीय अधिकारी राजस्व के पूर्व अनुज्ञा प्राप्त किये बिना किसी भी प्रयोग के लिए नवीन नलकूप का निर्माण नहीं कर सकेंगा। इसी के उल्लंघन पर ढीमरखेड़ा थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई गई है।

ढीमरखेड़ा तहसील के अंतर्गत ग्राम गूंड़ा पटवारी हल्का नंबर 56 खसरा नंबर 464/2 तथा 465/4 मे बीते 15 अप्रैल सोमवार की शाम 5 बजे ग्राम सरपंच संकेत लोनी ने हल्का पटवारी को खेत मे बोर होने की सूचना दी। बताया कि ग्राम गूंड़ा निवासी राजेश पिता हीरालाल और नरेश पिता हीरालाल द्वारा वाहन क्रमांक के.ए. 01 एम.के 1336 तथा के.ए 01 एम.के. 1858 वाहन की बोरिंग मशीन से खेत मे नवीन बोर कराया जा रहा है। हल्का पटवारी द्वारा मौका जांच कर पंचनामा तैयार किया गया। जिसमे कलेक्टर श्री प्रसाद द्वारा हाल ही में जारी जिले को जल अभावग्रस्त क्षेत्र घोषित करने के आदेश का स्पष्टतः उल्लंघन पाया गया। ग्राम कोटवार संतोष कुमार दाहिया द्वारा ढीमरखेडा पुलिस थाना मे गूंड़ा निवासी राजेश पिता हीरालाल और नरेश पिता हीरालाल के विरूद्ध मध्यप्रदेश पेयजल परिरक्षण अधिनियम 1986 की धारा 3/9 एवं और 4/9 तथा भारतीय दण्ड संहिता की धारा 188 के तहत एफ.आई.नंबर 0167 दर्ज कराई गई है।



## मजेठा हार में युवक की मिली लाश, पहचान नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

कुठला थाना क्षेत्र के कैलवारा गांव में खेत में एक अज्ञात युवक का शव मिला है। युवक की हत्या हुई है या वह किसी दुर्घटना का शिकार हुआ, इसको लेकर पुलिस अभी कुछ भी नहीं कह पा रही है। फिलहाल युवक के शव को कब्जे में लेकर पुलिस उसकी शिनाख्ती में जुटी हुई है।

कुठला थाना प्रभारी अभिषेक चौबे ने बताया कि कैलवारा गांव के मजेठा हर में मंगलवार की शाम को लोगों ने एक खेत में युवक का शव पड़ा देखा और पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर आसपास के लोगों से पहचान कराई लेकिन उसकी पहचान नहीं हो सकी है। थाना प्रभारी ने बताया कि युवक के सिर के पिछले हिस्से में चोट है और नजदीक ही सांप की केंचुली पड़ी मिली है। जिसके चलते युवक के सर्पदंश का शिकार होने या फिर गिरने से सिर में चोट लगने की भी आशंका है। पुलिस ने आसपास के क्षेत्रों और नजदीकी सभी पुलिस स्टेशनों को सूचना दी है। साथ ही थाना क्षेत्रों में गुम इंसान के संबंध में भी जानकारी जुटा रही है ताकि युवक की पहचान हो सके।

युवक खेत मे कैसे पहुंचा और उसके साथ क्या घटना हुई, यह जांच के बाद ही सामने आ सकेगा। फिलहाल पुलिस ने युवक के शव को जिला अस्पताल की मरचुरी में रखवाया है और मृतक की शिनाख्ती का प्रयास कर रही है। कुठला थाना प्रभारी अभिषेक चौबे का कहना है कि पीएम रिपोर्ट आने के बाद ही युवक की मौत का वास्तविक कारण सामने आ सकेगा।

**पीठासीन अधिकारी बिना कतार के कराएंगे मतदान**

## दिव्यांगजन, वृद्धजन, गर्भवती एवं धात्री मतदाताओं को मतदान मिलेंगी सुविधाएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि लोकसभा निर्वाचन 2024 संसदीय क्षेत्र शहडोल विधानसभा बड़वारा अंतर्गत दिव्यांगजन, वृद्धजन, गर्भवती एवं धात्री मतदाताओं को मतदान केन्द्र में प्रवेश के लिए रैम्प की सुविधा दी गई है, ताकि वृद्ध, दिव्यांग व्हीलचेयर के माध्यम से सुगमता पूर्वक मतदान कक्ष तक जा सकें और मतदान कर सकें। प्रत्येक मतदान केन्द्र पर दिव्यांग, वृद्धों, गर्भवती, धात्री महिला मतदाताओं के लिए व्हीलचेयर की व्यवस्था कराई गई है। मतदान हेतु आने वाले दिव्यांग वृद्धों, गर्भवती, धात्री महिलाओं को पीठासीन अधिकारी प्राथमिकता से बिना कतार के मतदान करायेगें। व्हीलचेयर मतदान कक्ष के अंदर मत प्रकोष्ठ तक ले जाई जा सकेगी। दिव्यांग एवं वृद्ध मतदाताओं के सुगम मतदान हेतु प्रत्येक मतदान केन्द्र पर दिव्यांग मित्र समन्वयक नियुक्त किये गए है जो गर्भवती, धात्री महिलाओं एवं शारीरिक रूप से कमजोर महिलाओं को मतदान केन्द्र में लाने में सहायता करेंगे। मतदान हेतु आने वाली धात्री महिलाओं के शिशुओं की देखभाल मतदान करने की अवधि में आंगनवाड़ी कार्यकर्ता सहायिका के द्वारा की जावेगी। लोकसभा निर्वाचन 2024 विधानसभा बड़वारा संसदीय क्षेत्र शहडोल मतदान दिवस 19 अप्रैल 2024 में कुल मतदान केन्द्र 299 में उपरोक्तानुसार व्यवस्थायें जिला निर्वाचन अधिकारी कटनी के द्वारा सुनिश्चित कराई गई है।

### प्रतिबंधात्मक आदेश

लोकसभा निर्वाचन 2024, संसदीय निर्वाचन क्षेत्र 12-शहडोल विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र 91-बड़वारा के लिये 19 अप्रैल को होने वाले मतदान के मद्देनजर लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, के तहत कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी अवि प्रसाद ने दंड प्रक्रिया संहिता 1973 की धारा 144 के अन्तर्गत प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किया है।

कलेक्टर द्वाा जारी प्रतिबंधात्मक आदेश अनुसार निर्वाचन क्षेत्र में 5 से अधिक लोगों के इकट्ठा होने और एक साथ आवाजाही करने की अनुमति नहीं होगी। प्रचार अभियान अवधि के समापन पश्चात निर्वाचन क्षेत्र में कोई भी प्रचार अभियान नहीं किया जावेगा। राजनीतिक कार्यकर्ताओं, पार्टी कार्यकर्ताओं, जुलूस-कार्यकर्ताओं, अभियान-कार्यकर्ता आदि, जो निर्वाचन क्षेत्र के बाहर से लाए गए हैं और जो उस निर्वाचन क्षेत्र के मतदाता नहीं हैं, उन्हें उस निर्वाचन क्षेत्र में उपस्थित रहने की अनुमति नहीं होगी। ऐसे कार्यकर्ता को जो उस क्षेत्र का मतदाता नहीं है प्रचार अभियान अवधि समाप्त होने के पश्चात तुरंत निर्वाचन क्षेत्र छोडना होगा।

## चैत्र नवरात्र की नवमीं पर कन्या भोजन का आयोजन



सिविल लाइन स्थित प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के शुभभावना हाल में चैत्र नवरात्र के अंतिम दिन राजयोग केंद्र संचालिका बीके लक्ष्मी बहन के मार्गदर्शन में आध्यात्मिक कार्यक्रम और कन्या भोजन का आयोजन किया गया ।कार्यक्रम का शुभारंभ सभी छोटी और बड़ी कन्याओं को मुकुट बिंदी लगाकर ईश्वरीय सौगात भेटकर दुर्गा मां की आरती वंदन से किया गया ।कार्यक्रम में बच्चों ने बहुत ही सुंदर आध्यात्मिक भजनो पर नृत्य की प्रस्तुति दी अंत में सभी ने कन्या भोजन किया। इस अवसर पर अंकिता तिवारी, सौम्या रांधेलिया, अंजू, पलक मुस्कान डिम्मी आरती , दुर्गा बहन , निलांजलि बहन , बीके दुर्गा बहन, सबिता बहन , शानू , संजना संध्या काव्या सहित अन्य की उपस्थिति रही ।

## "प्रत्येक वोट जरूरी है" पर राज्य स्तरीय स्लोगन प्रतियोगिता

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

लोकसभा निर्वाचन 2024 में मतदान का प्रतिशत बेहतर हो, इसके लिए मतदाता जागरूकता अभियान के अंतर्गत "प्रत्येक वोट जरूरी है" विषय पर राज्य स्तरीय स्लोगन प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र एवं पुरस्कार राशि देकर सम्मानित किया जाएगा। इसके साथ ही 10 प्रतिभागियों को विशेष पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा।

प्रतियोगिता में प्राप्त प्रविष्टियों के मूल्यांकन के लिए एक राज्य स्तरीय चयन समिति का गठन भी किया गया है। चयन समिति के मूल्यांकन के बाद परिणाम घोषित किये जाएंगे। उन्होंने बताया कि प्रतिभागियों को अपनी प्रविष्टि उचण्उलहवअण्पद पोर्टल पर भेजनी होगी।

इसके साथ ही प्रतियोगिता से संबंधित जानकारी मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय की वेबसाइट पर भी उपलब्ध रहेगी। गुरूवार 25 अप्रैल तक प्रतिभागी अपनी प्रविष्टि भेज सकेंगे।

### विजयी प्रतिभागियों को यह मिलेगी पुरस्कार राशि

प्रथम पुरस्कार 51 हजार रूपये एवं प्रमाण पत्र, द्वितीय पुरस्कार 21 हजार रूपये एवं प्रमाण पत्र, तृतीय पुरस्कार 11 हजार रूपये एवं प्रमाण पत्र सहित 10 प्रतिभागियों को 5,100-5,100 रुपये का विशेष पुरस्कार एवं प्रमाण पत्र दिया जाएगा।

### नियम एवं शर्तें

प्रतिभागी को मध्यप्रदेश का मूल निवासी होना चाहिए। एक प्रतिभागी की एक प्रविष्टि अधिकतम 25 से 30 शब्दों की मान्य होगी। प्रविष्टि मौलिक, अर्थपूर्ण एवं हिंदी भाषा में होना चाहिए। प्रविष्टि में किसी भी उत्तेजक या आपत्तिजनक शब्द का प्रयोग नहीं होना चाहिए। प्रतिभागी प्रविष्टि के साथ अपना नाम, पता, मोबाइल नंबर एवं ईमेल आईडी भी जरूर लिखें। पुरस्कार के लिए श्रेष्ठ प्रविष्टि का चयन मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय द्वारा गठित राज्य स्तरीय चयन समिति द्वारा किया जाएगा। चयन समिति का निर्णय अंतिम होगा। प्रतियोगिता के लिये प्रविष्टि भेजने की अंतिम तिथि 25 अप्रैल 2024 है।

**साधूराम स्कूल में कल से होगा आयोजन, तैयारियों के निर्देश**

## कलेक्टर ने पुस्तक व मतदाता जागरूकता मेला आयोजन की तैयारियों की समीक्षा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

सुभाष चौक स्थित साधुराम स्कूल परिसर में गुरूवार 18 अप्रैल से शुरू होने वाले तीन दिवसीय पुस्तक एवं मतदाता जागरूकता मेला के आयोजन की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है। गुरूवार की शाम 4 बजे इस पुस्तक मेले का औपचारिक शुभारंभ होगा। मेला प्रतिदिन रात 9 बजे तक लगेगा। इस संबंध मे पुस्तक मेला के व्यवस्थित आयोजन की कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अवि प्रसाद नें बुधवार को समीक्षा की। उन्होनें सभी जरूरी तैयारियां पूरी करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर श्री प्रसाद ने पुस्तक मेला स्थल मे शिकायत पंजी रखने के निर्देश दिए ताकि अभिभावक, छात्र एवं आम नागरिक अपनें बच्चों के स्कूल से संबंधित किसी भी प्रकार की समस्या या शिकायत दर्ज कर सकें। शिकायत करने वालो का नाम एवं पहचान गोपनीय रखा जायेगा। कलेक्टर श्री प्रसाद ने जिले के पालकों, अभिभवकों और छात्रों से पुस्तक एवं मतदाता जागरूकता मेला में पहुंचकर इस मेले का लाभ उठानें की अपील की है।

बैठक मे बताया गया कि पुस्तक एवं मतदाता जागरूकता मेला में निजी स्कूलों, पब्लिशर्स तथा बुक सेलर्स के 25 स्टॉल लगाये जायेंगें। निजी स्कूलों, पब्लिशर्स तथा कतिपय बुक सेलर्स की मनमानी से अभिभावकों को राहत दिलाने तथा प्रतिस्पर्धी एवं न्यूनतम दर पर छात्रों और अभिभावकों को कॉपी-किताबें, यूनिफार्म और अन्य शैक्षणिक सामग्री उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जिला प्रशासन द्वारा अभिनव पहल की गई है। प्रतिदिन शाम 4 बजे से रात 9 बजे तक आयोजित किये जाने वाले पुस्तक मेले को मतदाता जागरूकता की गतिविधि से भी जोड़ा गया है। इसके लिए पृथक से मेला परिसर मे मंच बनाया गया है। पुस्तक एवं मतदाता जागरूकता मेला 20 अप्रैल तक चलेगा।

साधुराम स्कूल मे आयोजित पुस्तक सह मतदाता जागरूकता मेला में कलेक्टर श्री प्रसाद के निर्देश पर एक नवाचार किया जाकर जरूरतमंद एवं आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के छात्रों की शिक्षा एवं पुस्तकों की उपलब्धता हेतु बुक बैंक स्थापित करने के लिए शिक्षा विभाग द्वारा पृथक स्टाल लगाया जा रहा है।

इस बुक बैंक में विद्यार्थी एवं अभिभावक पुरानी पुस्तकों को जमा कर सकेंगे। इन पुस्तकों को आर्थिक रूप से कमजोर छात्रों को प्रदान किया जायेंगा।

बुक सेलर्स एवं गणवेश विक्रेताओं के सहयोग से नो-प्रॉफिट नो-लॉस के आधार पर लगाये जा रहे इस मेले में कॉपी, किताब, यूनिफार्म, जूते, टाई और अन्य सभी शैक्षणिक सामग्रियों के अलग-अलग स्टॉल लगेंगे। मेले में बच्चों और अभिभावकों को मतदान के प्रति प्रेरित और प्रोत्साहित करने प्रतिदिन मतदाता जागरूकता गतिविधियां भी होंगी।

पुस्तक एवं मतदाता जागरूकता मेले के आयोजन को लेकर कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री अवि प्रसाद के निर्देश पर जिला पंचायत सीईओ श्री शिशिर गेमावत ने पुस्तक मेला में स्वीप गतिविधियों के आयोजन हेतु 6 अधिकारियों को दायित्व सौंपा है।

**जिला पंचायत सीईओ ने पान उमरिया पहुंचकर दिलाई मतदाता शपथ**

## लघु नाटिका और स्लोगन गीत के द्वारा दिया मतदान का संदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

लोकसभा निर्वाचन 2024 में जिले के लोकसभा क्षेत्र शहडोल और खजुराहो में 19 एवं 26 अप्रैल को मतदान होना है। जिला प्रशासन द्वारा मतदाता प्रतिशत में वृद्धि हेतु मतदाता जागरूकता की गतिविधियां अनवरत रूप से आयोजित की जाकर मतदाताओं को मतदान हेतु जागरूक और प्रेरित करने का कार्य किया जा रहा है। मंगलवार की देर शाम जिला पंचायत के सीईओ एवम स्वीप के नोडल अधिकारी श्री शिशिर गेमावत ने विकासखंड ढीमरखेड़ा की ग्राम पंचायत पान उमरिया पहुंचकर मतदाता जागरूकता के अंतर्गत संचालित गतिविधियों में शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने स्थानीय जनप्रतिनिधियों और मतदाताओं को जगमगाते दीपकों की श्रृंखला और कैंडल के बीच मतदाता शपथ दिलाई और मतदान दिवसों के दिन स्वयं मतदान करने और अपने आसपास और करीबी लोगों को मतदान कराने की अपील की।

### सीईओ ने बढ़ाया हौसला

जन अभियान परिषद ने लघु नाटिका और स्लोगन गीत.. सुनो रे भैया..सुनो रे भाभी सुनो रे कक्का..सुनो रे काकी.. सारे काम छोड़ दो सबसे पहले वोट दो, सबसे पहले मतदान.. बाद में दूसरे काम एवं अन्य स्लोगन, गीतों और तख्तियों के माध्यम से मतदान करने का संदेश दिया। जिला पंचायत के सीईओ श्री गेमावत ने सारगर्भित प्रस्तुति की मुक्त कंठ से प्रशंसा कर हौसला बढ़ाया । जन अभियान की प्रस्तुति में कोदूलाल,नीता विश्वकर्मा, मुस्कान, विनीता, आकाश, दिव्यांशु, शरद, सुमित, शैलेश, अंकित ,मुकेश, धर्मेंद्र, श्रेया ,विकास और अमर सिंह की सराहनीय भूमिका रही।



### मतदान के लिए करेंगे प्रेरित

जिला पंचायत के सीईओ श्री गेमावत ने इस दौरान पहली बार मतदान करने जा रहे युवा मतदाताओं से बातचीत कर उनके मन को छुआ। शालिनी, शिवानी, कल्याणी, प्रियंका और आयुष ने बताया कि मतदान को लेकर उनमें खासा उत्साह, उमंग और जिज्ञासा है। मतदान दिवस के दिन हम सारे काम छोड़कर लोकतंत्र के सशक्तिकरण हेतु मतदान करेंगे और अन्य लोगों को भी इस हेतु प्रेरित करेंगे।

### वृद्ध मतदाताओं का हुआ सम्मान

इसके पहले जनपद पंचायत ढीमरखेड़ा के सीईओ श्री यजुवेंद्र कोरी ने 81 वर्षीय रामस्वरूप साहू, 70 वर्षीय सोनेलाल पटेल, 69 वर्षीय शिवकुमार चौरसिया, 65 वर्षीय बृजलाल दहायत और 63 वर्षीय गांधी गर्ग वृद्ध मतदाताओं का पुष्प माला और शाल,श्रीफल से सम्मान किया। मंदिर और झंडा चौके में दीपकों की जगमगाती श्रृंखला और रंगोली के बीच अत्यंत मनमोहक वातावरण सभी के आकर्षण का केंद्र था। इस दौरान हस्ताक्षर अभियान और सेल्फी पॉइंट पर मतदाताओं ने हस्ताक्षर कर और फोटो ली। कार्यक्रम का आयोजन महिला एवं बाल विकास विभाग के समन्वय से हुआ।

स्वीप गतिविधियों के दौरान सरपंच सहित अन्य जनप्रतिनिधि, स्थानीय नागरिक, स्वीप टीम से चित्रा प्रभात, मृगेंद्र सिंह, तेज सिंह केशवाल, योगेंद्र कुमार असाटी, अजीत सिंह, संतोष पाठक, पुलिस विभाग से सिद्धार्थ राय और अधिकारी कर्मचारियों की मौजूदगी रही।



## पुलिस कर्मियों की तैनाती हेतु द्वितीय रेण्डमाईजेशन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

लोकसभा निर्वाचन के तहत खजुराहो संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत आने वाली कटनी जिले की तीन विधानसभा क्षेत्रों के मतदान केन्द्रों में पुलिस कर्मियों की तैनाती हेतु मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में पुलिस अधीक्षक अभिजीत कुमार रंजन की मौजूदगी में द्वितीय रेण्डमाईजेशन किया गया। रेण्डमाईजेशन की प्रक्रिया जिला सूचना एवं विज्ञान अधिकारी प्रफुल्ल कुमार श्रीवास्तव द्वारा संपादित की गई। इस दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ संतोष कुमार डेहरिया भी मौजूद रहे। बताते चलें कि खजुराहो लोकसभा क्षेत्र के लिए 26 अप्रैल को होने जा रहे मतदान दिवस पर मतदान केन्द्रों में सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस कर्मियों की तैनाती के लिए कटनी जिले के जिन तीन विधानसभा क्षेत्रों के मतदान केन्द्रों में व्यवस्था की गई है उनमें मुड़वारा, विजयराघवगढ़ एवं बहोरीबंद शामिल है।



# वांसतेय नवरात्र का समापन, जवारों की विसर्जन यात्रा निकली

जबलपुर।

वांसतेय नवरात्र पर के विश्राम दिवस रामनवमीं पर तमाम मठ, मंदिरों और देवी, देवालयों में हवन पूजन और कन्या भोजन व भंडारे का आयोजन किए गए हैं। नवमें दिन माँ सिद्धिदात्री की पूजा, उपासना की गई। नौ दिन का व्रत रखने वालों ने हवन पूजन और जवारे दर्शन कर अपना व्रत खोला। तड़के 4 बजे से ही हवन पूजन का क्रम प्रारंभ हो गया। दिनभर कन्या भोज और भंडारे का सिलसिला चलता रहा। आखिरी दिन सभी देवी मंदिरों में सुबह से रात तक श्रद्धालुओं का तांता लगा हुआ था। शहर के अति प्राचीन मठ बड़ी खेरमाई, बूढ़ी खेरमाई, श्री बगलामुखी सिद्धपीठ, सदर काली मंदिर, वृहत माँ महाकाली गढाफाटक, मक्रवाहिनी मंदिर पान दरीबा, छोटी देवन दीक्षितपुरा, छोटी खेरमाई राइटटाउन, शीतलामाई मंदिर घमापुर, श्री मरही माता मंदिर भानतलैया, सहित तमाम देवी देवालयों में पूजन अर्चन कर मातारानी से सुख, समृद्धि की कामना की गई है। शाम ढलने के बाद दिवालों से जवारों की विसर्जन शोभायात्रा निकाली गई। श्री जगदीश अखाड़ा, श्री हरदौल मंदिर, जगदीश मंदिर, पंडा की मढ़िया, शिव शक्ति दुर्गा मंदिर आदि अनेक स्थानों से जवारों की विसर्जन यात्रा निकाली गई। बड़ी खेरमाई के जवारें एकादशी को तो बूढ़ी खेरमाई के जवारे पूर्णिमा के दिन विसर्जित किए जाएंगे।

## आकर्षक झांकियों ने समां बांधा, चहु ओर राम धुन की गूंज

# श्रीराम जन्मोत्सव पर भव्य शोभायात्रा निकली





जबलपुर।

मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम के जन्मोत्सव रामनवमी पर शहर में अयोध्या जैसा नजारा दिखाई दिया। शहर के विभिन्न राम मंदिरों में हर्षोल्लास के साथ प्रभु श्रीराम का जन्मोत्सव मनाया गया। देवालयों में जय श्रीराम के जयघोष गूंजे। सारे दिन नगर के राम मंदिरों में राम जन्मोत्सव की गूंज रही। हवन पूजन और भंडारों के आयोजनों का सिलसिला चलता रहा। शाम को 6 बजे श्री सनातन धर्म महासभा के तत्वाधान में बस स्टेण्ड से श्रीराम की भव्य व आकर्षक शोभायात्रा मनोहारी झांकियों के साथ निकाली गई। शोभायात्रा में अनेक साधु संत विभिन्न धार्मिक संस्थाओं के पदाधिकारी और शहर के गणमान्य नागरिक शामिल हुये। रामनवमीं के दिन मर्यादा पुरूषोत्तम भगवान श्रीराम का जन्मोत्सव भी धूमधाम से पूरी श्रद्धा और आस्था के साथ मनाया गया। वहीं आदिशक्ति की उपासना के नौवें दिन सिद्धिदात्री देवी की आराधना व उपासना के उपरांत श्रद्धालुओं ने अपना व्रत खोला। नवरात्र पर्व की विदाई बेला में शहर में परंपरागत तरीके से श्रीराम की शाभायात्रा निकाली गई। श्री सनातन धर्म महासभा द्वारा पुराना बस स्टेण्ड से शाम 6 बजे प्रभु श्रीराम की शोभायात्रा निकाली गई। श्री राम शोभायात्रा का नेतृत्व नरसिंह दास ने किया।

बस स्टेण्ड से प्रारंभ हुई शोभायात्रा में श्री सनातन धर्म महासभा का बैनर बैंड बाजों के साथ अश्वारोही दल चल रहा था। उसके साथ ही "श्रीराम, जय श्री राम" का उद्घोष करते हुये युवाओं की टोली चल रही थी। जुलूस की अग्रिम पंक्ति में नरसिंह दास, प्यारेनन्द, कालीनन्द, पगलानन्द, चैतन्यानंद महाराज शामिल थे। वहीं उनके साथ सनातन धर्म महासभा के अध्यक्ष श्याम साहनी, लोकनिर्माण मंत्री राकेश सिंह, चंद्र कुमार भानोट, महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू, भाजपा नगर अध्यक्ष प्रभात साहू, विधायक लखन घनघोरिया, पूर्व विधायक विनय सक्सेना, आशीष दुबे, दिनेश यादव, विध्येश भापकर, वासुदेव शास्त्री, डॉ अखिलेश गुमास्ता, यतीश अग्रवाल, डॉ पवन स्थापक, कैलाश साहू, डॉ. सुधीर अग्रवाल, आदि शामिल थे। शोभायात्रा में रामधुन प्रस्तुत करती विभिन्न मंडलियां शामिल थी। शोभायात्रा में श्रीराम मंदिर मदनमहल की झांकियां भी शामिल थी। राममंदिर द्वारा 12 मनमोहक झांकियां प्रस्तुत की गई थीं।



# शिर्डी के संत सांईनाथ की शोभायात्रा निकली

**जबलपुर।** संस्कारधानी शिर्डी सांई शोभायात्रा समिति द्वारा सांई जन्मोत्सव पर बुधवार की शाम नगर निगम चौक से भव्य शोभायात्रा निकाली गई। श्री सांई बाबा की मंगल आरती पश्चात शोभायात्रा 6.30 बजे प्रारंभ हुई। सांईराम शोभायात्रा यातायात थाना, श्याम टॉकीज, सिटी कॉफी हाउस, लार्डगंज, कोतवाली होते हुये मिलौनीगंज रामलीला समिति में सांई बाबा की मंगल आरती पश्चात विराम लिया। शोभायात्रा का नेतृत्व शिर्डी सांई संस्थान के प्रवीण लक्ष्मण राव महामुनि और नगर निगम के महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू ने किया। शोभायात्रा का स्वागत हर वर्ष की तरह विभिन्न संस्थाओं द्वारा किया गया। साईं&राम शोभा यात्रा में श्री सांई नाथ महाराज की विभिन्न मुद्राओं में लगभग 51 झांकियाँ जनाकर्षण का केन्द्र रहीं। शोभायात्रा में अश्वरोही दल, डांडिया नृत्य करती हुई बालिकायें भजन मंडली सांई धाम बरसाना हिल्स एवं बैण्ड धमाल आदि बड़ी संख्या में शामिल थे। शोभायात्रा में सांई मंदिर सिविल लाईन, हाउबाग, कांचघर, मेडिकल काम्पलेक्स, सांई प्रज्ञा दरबार ब्यौहारबाग, बरगी हिल्स, सदर, रांझी, इंजीनियरिंग कॉलेज, श्री खण्डोवा, समीक्षा टाउन, धनवंतरी नगर, गौरशंकर मंदिर, श्री सांई मंदिर व्हीकल स्टेट, सांईधाम रांझी, शिर्डी सांई भक्त फोरम आदि की भव्य नयनाभिराम झांकियां शामिल रहीं।

**आकर्षक झांकियों ने मन मोहा**

शोभायात्रा में चन्द्रशेखर दबे, मृगेन्द्र नारायण सिंह, राजेश उपाध्याय, सुधीर बटीजा, अजय विश्वे, मनोज कासे, सुनील खम्परिया, आशीष विश्वकर्मा, राजेश राय, जित्तू साहू, महेश पसीने, अजय गुप्ता, दुर्गेश शाह, गणेश ठाकुर, अजय गुप्ता, ज्योति तारे, संदीप भाऊ, प्रीतम साहू, बसंत चतुर्वेदी, मोहन शशि, कमलेश अग्रवाल आदि मौजूद रहे।



# विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल ने की राम दरबार की महाआरती

**जबलपुर।** विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल जबलपुर विभाग प्रचार प्रसार प्रमुख ने बताया कि माधव प्रखंड द्वारा पांच दिवसीय राम दरबार की स्थापना की गई एवं हिंदू नव वर्ष एवं चैत्र नवरात्रि के शुभ अवसर पर 9वें वर्ष षष्ठी को भव्य महाआरती शोभायात्रा मधुबन पार्क उखरी से होते हुए गुजराती कॉलोनी दुर्गा मंदिर में उत्साह पूर्वक संपन्न हुई जिसमें विभाग गौ रक्षा प्रमुख बजरंग दल सचिन शिवहरे, राजेश रैकवार, शैलेंद्र बिसेन, प्रखंड अध्यक्ष प्रदीप पटेल, उपाध्यक्ष राकेश रजक, मंत्री अभय मिश्रा, संयोजक हरलारियाँ, अर्जुन ठाकुर, जिला सहसंयोजिका रवीना शिवहरे सहित अधिक से अधिक संख्या में मातृ शक्ति दुर्गा वाहनी खंड के कार्यकर्ता व क्षेत्रीयजन्न शामिल हुए।

# रामनवमी सांई जन्मोत्सव पर सदर सांई भक्तों ने निकाली पालकी शोभायात्रा



**जबलपुर।** प्रति वर्ष अनुसार इस वर्ष भी मर्यादा पुरुषोत्तम प्रभु श्री राम एवं भारत के संत शिरोमणि सच्चिदानंद सदुरु श्री सांईनाथ महाराज के जन्मोत्सव पर श्री सांईं भक्त समिति ट्रस्ट सदर के प्रमुख पुजारी अर्जुन बाबा, अध्यक्ष अभय नायडू, सचिव बच्चू पारोधी के नेतृत्व में साईं भक्तों ने साईं बाबा की पालकी शोभायात्रा निकाली। शोभायात्रा से पूर्व साईं बाबा का पूजन अर्चन कर आरती उतारने के बाद सांईं भक्तों ने सदर की विभिन्न गलियों से सांई बाबा की पालकी शोभायात्रा निकाली जिसका साईं भक्तों ने जगह-जगह बाबा की पालकी शोभायात्रा का स्वागत किया, साथ ही प्रमुख पुजारी अर्जुन बाबा का भी स्वागत सम्मान साईं भक्तों ने किया। इस अवसर पर चैत्र नवरात्र श्री रामनवमी एवं सांई जन्मोत्सव के पावन पर्व पर श्री साई भक्त समिति ट्रस्ट सदर बाजार द्वारा पुजारी अर्जुन बाबा के सानिध्य में भव्य साई शोभायात्रा निकाली गई। श्री साई भक्त समिति ट्रस्ट के अध्यक्ष अभय नायडू, बच्चू परौची, राजकुमार यादव, पारस पिल्लै, संदीप बावरिया, नरेंद्र पासी, नितलेश बावरिया, सुचित विनोदिया, अमित पासी, बब्लू चौरसिया, सोनू विनोदिया, सुशील विनोदिया, संजय राय, सन्नी पिल्ले, माला रैकवार सहित समस्त साई भक्त शामिल रहे।

# संस्कारधानी की रोप स्कीपिंग एथलीटों ने लहराया परचम

जबलपुर।

जागरूक अधिकारी कर्मचारी संगठन और जागरूक खेल संघ के प्रदेश अध्यक्ष रॉबर्ट मार्टिन एवं प्रांतीय सचिव दिनेश गोंड ने एक प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से बताया की अभी हाल ही में भोपाल में आयोजित ऑल इंडिया यूनिवर्सिटी रोप स्कीपिंग प्रतियोगिता का आयोजन हुआ, जिसमें संस्कारधानी की रोप स्कीपिंग एथलीटों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए क्रमशः स्वर्ण एवं रजत पदक जीता। आज जागरूक अधिकारी कर्मचारी संगठन के द्वारा शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय



ब्योहारबाग में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें भोपाल में ऑल इंडिया यूनिवर्सिटी रोप स्किपिंग टूर्नामेंट में संस्कारधानी की बच्चियों ने स्वर्ण और रजक पदक जीत कर संस्कारधानी का नाम रोशन किया, इस हेतु उन्हें शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय व्योहारबाग में बुलाकर एक कार्यक्रम के दौरान सम्मानित किया गया साथ ही उनके पालकों का भी सम्मान किया गया। यह पहला अवसर है जब बच्चियों के साथ-साथ उनके पालकों को भी सम्मानित किया गया है इससे निश्चित तौर पर दूसरे पलकों को और बच्चों को भी प्रोत्साहन मिलेगा ताकि वह आगे जाकर खेल के क्षेत्र में और अच्छा परफॉर्म करें और मेहनत करें ताकि वह अपने देश का प्रदेश का और खासकर हमारे संस्कारधानी का नाम रोशन कर सकें।



# भगवान झूलेलाल जी की छटी मनाई गई

**जबलपुर।** छत्तीसगढ़ चकरभाठा से पधारे संत श्री साई लालदास के मुख्य आतिथ्य में भारतीय एकता मंडल द्वारा कांचघर से एक रैली निकाली गई जो कि भ्रमण करते हुए चुंगी चौकी परेल लाइन मैदान में समाप्त हुई। परेल लाइन मैदान में मुख्य कार्यक्रम में उनके आध्यात्मिक प्रवचन हुए, जिनमें संतजी ने भगवान झूलेलाल जी की महिमा का व्याख्यान किया और भगवान झूलेलाल की ज्योत हर सिंधी समाज के घर में लगे, इसके अलावा भंडारा आयोजित हुआ। कार्यक्रम स्थल पर गुरु धाम के महंत बाबा आसन दासख, समिति के अध्यक्ष गणेश जेठवानी, रतन बेलानी, अशोक ठाकुर, भरत मंगलानी, किशोर शिवानी, द्वारकादास लालवानी, नरेश लालचंदानी, रवि आहू, श्याम आहूजा, हरीश सचदेवा, सुरेश रामचंदानी, प्रहलाद आहूजा, चिकी छत्रीयवानी, रवि तोतलानी, संजय मंगतानी सहित अनेक सदस्य शामिल थे।

# ईव्हीएम एवं व्हीव्हीपेट पर भी अलग-अलग रंग के स्टीकर

**जबलपुर।** जिला निर्वाचन कार्यालय के मुताबिक मतदान कर्मियों एवं बीएलओ के साथ-साथ लोकसभा चुनाव के लिए जिले के आठों विधानसभा क्षेत्रों में मतदान में प्रयुक्त की जाने वाली इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन की कंट्रोल यूनिट बैलेट यूनिट और व्हीव्हीपेट मशीन में भी अलग-अलग रंग के स्टीकर लगाए जाएंगे। एकरूपता के लिए इन मशीनों पर लगाए जाने वाले स्टीकर के रंग भी उस विधानसभा क्षेत्र के मतदान कर्मियों एवं बीएलओ को दिए जाने वाले परिचय पत्र के रंग के ही होंगे। इसके अलावा सामग्री वितरण एवं वापसी केंद्र पर लगाये जाने वाले संकेतक तथा मतदान दलों को मतदान केंद्र तक पहुंचाने वाले वाहनों पर लगाये जाने स्टीकर भी उसी रंग के होंगे, जिस रंग के परिचय पत्र मतदान कर्मियों और बीएलओ को दिये जायेंगे।

# मतदान सामग्री वितरण स्थल पर पार्किंग निर्धारित

**जबलपुर।** लोकसभा चुनाव 2024 में मतदान सामग्री वितरण कार्य में लगे अधिकारियों, कर्मचारियों हेतु पार्किंग व्यवस्था का निर्धारण किया गया है। जिसके तहत विधानसभा पाटन, बरगी, सिहोरा, पूर्व विधानसभा क्षेत्र जबलपुर एवं उत्तर मध्य जबलपुर के मतदान केंद्रों में लगे अधिकारी, कर्मचारियों एवं मतदान सामग्री वितरण कार्य में अधिकारी, कर्मचारियों की पार्किंग व्यवस्था नानाजी देशमुख पशु चिकित्सा महाविद्यालय में ग्राउंड में पार्किंग व्यवस्था रखी गई है। उक्त स्थान पर वाहन पार्प कर इंडियन काफी हाउस के गेट नं 1 से प्रवेश कर इंडियन काफी हाउस के पीछे बने सामग्री वितरण केन्द्र में पहुंचेगे। इसी तरह विधानसभा पश्चिम, पनागर व केंट के मतदान केंद्रों में लगे अधिकारी, कर्मचारियों एवं मतदान सामग्री वितरण कार्य में लगे अधिकारी, कर्मचारी की पार्किंग व्यवस्था रिछाई मोड़ से आगे चलकर गेट नं. 5 से प्रवेश कर लगभग 200 मीटर की दूरी पर बायें साईड के मैदान में वाहन पार्प करेंगे। वाहन पार्किंग करने के बाद विधानसभा पश्चिम एवं पनागर में लगे अधिकारी, कर्मचारी लगभग 50 मीटर आगे चलकर दायें तरफ स्थित सामग्री वितरण केन्द्र में पहुंचेंगे। केंट विधानसभा वाले कर्मचारी मुख्य मार्ग से होते हुए स्ट्रांग रूम के सामने वाले ट्रेंट में पहुंचेंगे। जोनल मजिस्ट्रेट एवं सेक्टर मजिस्ट्रेट के वाहनों की पार्किंग व्यवस्था गेट नं. 3 में वाहन प्रवेश कर एग्रीकल्चर कॉलेज के प्रशासनिक भवन के पीछे की सड़कों एवं मैदान में वाहन पार्प करेंगे। मीडिया कर्मियों के लिए गेट नं. 2 में प्रवेश की व्यवस्था रखी गई हैं।

**विधानसभावार प्रवेश व निर्गमि के मार्ग तय**

# मतदान केंद्रों पर छांव और कुर्सी की व्यवस्था करने के निर्देश

**जबलपुर।** जिला निर्वाचन कार्यालय ने नगर निगम जबलपुर सहित जिले के सभी नगरीय निकायों एवं जनपद पंचायतों के प्रमुख अधिकारियों को जहाँ मतदान के पूर्व मतदान केंद्रों पर मतदाताओं के लिये छाँव की व्यवस्था करने के निर्देश दिये हैं, वहीं क्यू लेस एवं आदर्श मतदान केंद्रों पर बुजुर्ग मतदाताओं की सुविधा के मद्देनजर कुर्सियों की व्यवस्था करने भी कहा है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी दीपक सक्सेना के निर्देशानुसार इस बारे में जारी आदेश में नगरीय निकायों एवं जनपद पंचायतों के अधिकारियों को मतदान दलों के ठहरने के लिये मतदान केंद्रों पर गद्दे, चादर और तकिये की तथा बीएलओ के लिये टेबल-कुर्सी की व्यवस्था करने के निर्देश भी दिये गये हैं।

# मतदान के लिए मतदाता सूची में नाम होना जरूरी

## आयोग ने पहचान के लिए निर्धारित किये बारह वैकल्पिक दस्तावेज

**जबलपुर।** लोकसभा चुनाव के लिये जबलपुर संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में शुक्रवार 19 अप्रैल को होने वाले मतदान में ऐसे प्रत्येक मतदाता को मत देने का अधिकार होगा जिसका नाम मतदाता सूची में शामिल है। ऐसे मतदाता जिन्हें फोटो परिचय पत्र जारी किये गये हैं उन्हें वोट डालने के लिए फोटो परिचय पत्र मतदान केन्द्र ले जाना जरूरी होगा। लेकिन किन्ही कारणों से फोटो मतदाता पहचान पत्र प्रस्तुत नहीं कर पाने वाले मतदाताओं के लिये निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित 12 वैकल्पिक फोटोयुक्त पहचान के दस्तावेजों में से कोई एक वैकल्पिक दस्तावेज प्रस्तुत करना होगा। निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार बीएलओ द्वारा मतदाताओं की सुविधा के लिये घर-घर वितरित की गई मतदाता सूचना पर्ची को मतदाता की फोटो नहीं होने के कारण पहचान स्थापित करने के लिये निर्धारित दस्तावेजों में मान्य नहीं किया जायेगा। आयोग के मुताबिक कोई ऐसे मतदाता जो बीएलओ द्वारा मतदाता सूचना पर्ची के वितरण के दौरान घर पर मौजूद नहीं थे वो भी अपना वोट डाल सकेंगे। लेकिन ऐसे मतदाता का नाम पीठासीन अधिकारी के पास मौजूद एएसडी (एबसेंट, शिफ्टेड या डुप्लीकेट) वोटर्स की सूची में शामिल होना चाहिए। आयोग के निर्देशों के अनुसार मतदान के दिन यदि ऐसा मतदाता मतदान केन्द्र पहुंचता है जिसे मतदाता सूचना पर्ची प्राप्त नहीं हुई और उसका नाम एएसडी वोटर्स की सूची में शामिल है तो उसे अपना फोटो मतदाता परिचय पत्र या आयोग द्वारा पहचान साबित करने के लिए निर्धारित किये गये वैकल्पिक दस्तावेज पीठासीन अधिकारी को बताना होगा। पीठासीन अधिकारी फोटो मतदाता परिचय पत्र अथवा वैकल्पिक दस्तावेज के आधार पर ऐसे मतदाता की पहचान संबंधी जांच करेगा तथा जांच के बाद ही उसे वोट डालने की अनुमति देगा। ऐसे मतदाता को मतदाता रजिस्टर में न केवल हस्ताक्षर करने बल्कि उसके अंगूठे का निशान भी मतदान रजिस्टर में लिया जायेगा। आयोग ने मतदाताओं की पहचान स्थापित करने के लिए बारह वैकल्पिक फोटो पहचान दस्तावेजों को भी मान्य किया है। लेकिन मतदान केंद्र पर वैकल्पिक फोटो पहचान दस्तावेज प्रस्तुत करने की ये अनुमति केवल उन्हीं मतदाताओं के लिए होगी जो मतदाता फोटो परिचय पत्र नहीं ला सके हैं। मतदाता को इसमें से कोई एक फोटो पहचान दस्तावेज को मतदान के पहले अपनी पहचान स्थापित करने के लिए मतदान अधिकारियों के समक्ष प्रस्तुत करना होगा। फोटो मतदाता परिचय पत्र के फोटोग्राफ से मिलान करने पर यदि किसी मतदाता की पहचान करना संभव नहीं है ।

**नाम/जन्मतिथि परिवर्तन आम सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं प्रीतम लाल काछी पिता स्व. डोलन प्रसाद काछी हूं। मेरे सर्विस रिकार्ड के त्रुटिवश मेरा नाम प्रीतम लाल दर्ज हो गया है, जो कि गलत है। मेरा सही पूरा नाम प्रीतम लाल काछी (PRITAM LAL KACHHI) है मुझे भविष्य में इसी नाम से जाना व पहचाना जावे। इसी तरह मेरे सर्विस रिकार्ड में मेरी धर्मपत्नी का नाम त्रुटिवश रामेत्री देवी दर्ज हो गया है व मेरी धर्मपत्नी की जन्मतिथि भी सही दर्ज न होकर 1968 दर्ज हो गई है, जो कि गलत है। मेरी धर्मपत्नी का पूरा/सही नाम रामेत्री देवी काछी है व जन्मतिथि 25.04.1968 है, मेरी धर्मपत्नी को भविष्य में इसी नाम व जन्मतिथि से जाना व पहचाना जावे।

**मेरा सही नाम : प्रीतम लाल काछी**
**मेरी पत्नी का नाम : रामेत्री देवी काछी**
**पत्नी की जन्मतिथि 25.04.1968**